प्रादेशिक समाचार

05.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– मनरेगा को पारदर्शी बनाने के लिए लाया गया विकसित भारत जी राम जी कानून, प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का लगाया आरोप।

2. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा– झारखंड में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सुगम और पारदर्शी तरीके से कराया जायेगा संपन्न।

3. राज्यभर में नशामुक्ति अभियान शुरू, न्यायिक पदाधिकारियों ने पदयात्रा कर लोगों को नशा के खिलाफ किया जागरूक।

4. झारखंड में कड़ाके की ठंड और शीतलहर के मद्देनजर राज्य सरकार ने सभी स्कूलों में आठ जनवरी तक प्री–नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं बंद रखने का जारी किया आदेश।

5. रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में रांची यूनिवर्सिटी की मेजबानी में ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू।

****************

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा में पारदर्शिता लाने के लिए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लाया गया है। श्री चौहान ने तमिलनाडु में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि योजना में लाभार्थियों के लिए रोजगार की अवधि एक सौ दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। कृषि मंत्री ने कहा कि रोजगार मिलने के 15 दिन में लाभार्थियों को राशि का भुगतान नहीं होने पर कार्रवाई होगी।

वहीं रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि जी राम जी योजना के तहत खेती के सीजन में मजदूरों को 60 दिनों का ब्रेक दिया जाएगा, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो। श्री सेठ ने भरोसा दिलाया कि मजदूरों के अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे और कुल रोजगार के दिनों में किसी तरह की कटौती नहीं होगी।

इधर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ रांची में मनरेगा बचाओ अभियान रैली के तहत आक्रोश मार्च निकाला। राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्र सरकार पर मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया।

****************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि झारखंड में जब भी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा होगी, उसे सुगम एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जायेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने देवघर के तपोवन स्थित श्री श्री मोहनानंद प्लस–टू विद्यालय में आयोजित बीएलओ संवाद कार्यक्रम में कहा कि जैसे लोकतंत्र का आधार शुद्ध मतदाता सूची है, वैसे ही शुद्ध मतदाता सूची का आधार बीएलओ हैं। उन्होंने बीएलओ से संवाद के क्रम में उनकी तैयारियों को देखकर संतुष्टि जतायी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की जरूरत और इसके विभिन्न चरणों के बारे में भी बताया।

****************

राज्य में नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत विभिन्न जिलों के न्यायिक पदाधिकारियों की ओर से पदयात्रा कर लोगों का जागरूक किया जा रहा है। धनबाद में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी कमजोर करता है। चाईबासा में डालसा के सचिव रवि चौधरी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत लोगों को नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दी जायेगी। वहीं पाकुड़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे ने जिंदगी की खुशहाली के लिए नशे की लत से दूर रहने की अपील की।

****************

झारखंड में 2 वर्षों से लंबित नगर निकाय चुनाव को शीघ्र करने की मांग को लेकर सिमडेगा में भारतीय जनता पार्टी ने आज धरना प्रदर्शन किया और राज्य सरकार से चुनाव दलीय आधार पर ईवीएम से शीघ्र कराने की मांग की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने कहा कि न्यायालय के निर्देश पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद राज्य सरकार जान–बूझकर चुनाव प्रकिया टाल रही है।

****************

भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2025 के दौरान मतदाता शिक्षा और जागरूकता पर सर्वोत्तम प्रचार–अभियान के लिए राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार–2025 के लिए मीडिया घरानों से प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। ये पुरस्कार प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो और ऑनलाइन या सोशल मीडिया श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए दिए जाएंगे। पुरस्कार प्रशस्ति–पत्र और फलक के रूप में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2026 को प्रदान किए जाएंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रविष्टियां वर्ष 2025 में प्रकाशित या प्रसारित सामग्री पर आधारित हों और अंतिम तिथि 7 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

****************

रांची के डोरंडा स्थित झारखंड सशस्त्र पुलिस–1 ने आज 146वां स्थापना दिवस मनाया। मौके पर डीजीपी तदाशा मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि यह समारोह जैप–1 की 146 वर्षों की सेवा– समर्पण और बलिदान की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। झारखंड सशस्त्र पुलिस 146 वर्षों की इस विरासत पर पूरे राज्य को गर्व है। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झारखंडी संस्कृति की झलक देखने को मिली।

****************

लोहरदगा रेलवे स्टेशन के पास कोयल नदी पर स्थित रेलवे ब्रिज पर क्षतिग्रस्त पिलर की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। सात जनवरी तक मरम्मत पूरा कर लिया जाएगा, इसलिए सात जनवरी तक लोहरदगा रेलवे स्टेशन से राजधानी एक्सप्रेस सहित सभी ट्रेनों का परिचालन बंद रहेगा। राजधानी एक्सप्रेस और चोपन एक्सप्रेस ट्रेन को टोरी–बरकाकाना रेल मार्ग से चलाया जा रहा है जबकि सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन को 8 जनवरी तक रद्द कर दिया गया है।

****************

झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी सरकारी, गैर सरकारी और निजी विद्यालयों में आठ जनवरी तक प्री–नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाओं का संचालन बंद रखने का आदेश जारी किया है। इस दौरान यदि किसी स्कूल में प्री–बोर्ड की परीक्षा पूर्व निर्धारित है तो स्कूल प्रबंधन अपने विवेक से परीक्षा का आयोजन कर सकेंगे। साथ ही सरकारी स्कूलों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी स्कूल में उपस्थित होकर गैर–शैक्षणिक काय करेंगे।

****************

रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में रांची यूनिवर्सिटी की मेजबानी में आज से ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। यह टूर्नामेंट 11 जनवरी तक खेला जाएगा। प्रतियोगिता में 52 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की पुरुष टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें कुल 54 मैच होंगे। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी यूनिवर्सिटी से बेहतर खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

****************

हजारीबाग में खेल और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने की दिशा में डॉल्फिनोज प्रीमियर लीग सीजन का आयोजन 18 जनवरी से किया जायेगा। आयोजक सौरभ आनंद ने बताया कि खिलाड़ियों का ऑक्शन 11 जनवरी को शाम 4 बजे डॉल्फिनोज रिसॉर्ट में होगा, जिसके बाद प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

********समाप्त*********